बैठक विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने की समय सीमा की समीक्षा बैठक

नव भारत न्यूज

पांढुरना,7 जनवरी,कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा (झरु) बैठक आयोजित की गई।बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनशिकायतें तथा विकास कार्यों की प्रगति की विभागवार समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों द्वारा अद्यतन प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए।

समीक्षा के दौरान शासन की मंशा के अनुरूप सुशासन सप्ताह एवं सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संतोषजनक निराकरण पर विशेष बल दिया गया। कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक प्रकरण को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में निराकृत किया जाए।

राजस्व एवं अनुकंपा नियुक्ति

अनुकंपा नियुक्ति अंतर्गत रवि कुमार साहु के प्रकरण में जिला कार्यालय के आरक्षण रोस्टर के अनुसार ओबीसी संवर्ग का पद वर्तमान में रिक्त न होने के कारण अन्य विभागों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा रही है।भूमि सुधार से संबंधित प्रकरणों में कृषि भूमि के नक्शा दुरुस्ती एवं नामांतरण की कार्यवाही सतत जारी है। ग्राम काराघाट कामठी में नामांतरण आदेश पारित कर राजस्व अभिलेख अद्यतन कर दिए गए हैं। साथ ही ग्राम राजोरकला में अतिक्रमण हटाने एवं क्षेत्र में बढ़ रही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

लोक निर्माण एवं अधोसंरचना

पांढुर्णा से वर्धा नदी मार्ग (11.20 किमी) के जीर्णोद्धार हेतु 4500 लाख रुपये का प्रस्ताव उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया गया है।ग्राम बानाबाकोडा एवं देवी (हनुमान मंदिर के पास) में नवीन पुलिया निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पांढुर्णा मोक्षधाम के सौंदर्यीकरण एवं समतलीकरण के लिए प्रथम स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास

रायबासा निवासी आवेदिका अनीता धुर्वे को जनवरी 2026 के द्वितीय सप्ताह में नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु जबलपुर अथवा पाढर भेजे जाने की व्यवस्था की गई है।अस्पताल द्वारा वाहन उपलब्ध न होने की स्थिति में 108 एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। लाड़ली बहना योजना अंतर्गत तिगांव निवासी मंगला योगेश देवाशे के आवेदन में वृद्धावस्था पेंशन की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि के कारण रुकी राशि के संबंध में आवश्यक सुधार की प्रक्रिया संज्ञान में लेकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं।

जल संसाधन एवं कृषि

मांडवी जलाशय की नहर में क्षतिग्रस्त आरसीसी पाइपों की मरम्मत हेतु आर .आर .आर . योजना के अंतर्गत प्रस्ताव जल संसाधन विभाग, भोपाल को भेजा गया है।वाटरशेड योजना के अंतर्गत बोथिया, करवार सहित अन्य ग्रामों के कृषकों द्वारा मिनी स्प्रिंकलर अनुदान की मांग पर उद्यानिकी विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

खनिज एवं विद्युत विभाग

जिले में स्वीकृत 42 रेत खदानों से रेत का परिवहन केवल ई-रॉयल्टी पर्ची के माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।ग्राम राजडोंगरी के कृषकों द्वारा सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन की मांग एवं विद्युत लाइनों के विस्थापन से संबंधित तकनीकी प्रावधानों की जानकारी आवेदकों को प्रदान की गई है।

जन-गण-मन अभियान के आयोजन के निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने निर्देश दिए कि आगामी 10 दिनों के भीतर जन-गण-मन अभियान का आयोजन किया जाए। इस अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तर के अधिकारी ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे। संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी, साथ ही उनकी समस्याओं को समझकर त्वरित समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता प्राइवेट स्कूल (औद्योगिक क्षेत्र) का हुआ भव्य शुभारंभ

नवभारत न्यूज़

सौंसर 7 जनवरी.पारडसिँगा अशासकीय शाला ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया।यह 04 दिवसीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों में खेल के प्रति जागरूकता के लिए किया गया। प्रतियोगिता में 5 स्कूल ने सहभागिता की है, जिसमें एक्सीलेंस सनफ्लावर स्कूल खैरीतायगाव एजुकेशन पॉइंट स्कूल, लोधीखेड़ा,गुरुकुल हाईस्कूल, पारडसिँगा

देव संस्कृति स्कूल, बोरगाँव ,ज्ञान गंगा स्कूल, पारडसिँगा है।शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नीलेश ठाकरे, हर्षल काले, भारत रंगारे, धीरज घूगल, अंकित ब्रम्हे उपस्थित रहे।खेल स्पर्धा में समस्त स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया है।

अंडर - 12/14/16 आयु वर्ष के विद्यार्थियों की 100 मीटर रेस, रिले रेस की स्पर्धा हुई। सभी अतिथियों ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में खेलो महत्व पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्कूल के शिक्षक / शिक्षिका पंकज पट्टे, राहुल दिसोरिया, अनिल कुमेरिया,सावित्री धंतोले, वर्षा वानखेडे, प्रणाली ठाकरे द्वारा विशेष सहयोग दिया गया।

सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल,एक नागपुर रेफर

नव भारत न्यूज

पांढुरना,7जनवरी, नगर के नागपुर मार्ग पर ड्रॉयटेक कंपनी के सामने दो बाइक की हुई जोरदार भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें नगर के स्वास्थ्य केंद्र लाया जिसमें से एक युवक की हालत अधिक ड्रॉयटेक होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे नागपुर रेफर किया गया । वहीं दूसरे युवक को यहां के चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार किया जा रहा हैं । नगर के मध्य से गुजरने वाले प्रमुख नागपुर भोपाल मार्ग पर ड्रॉयटेक कंपनी के सामने बुधवार के दोपहर को दो बाइक जिसका क्रमांक स्क28 ह्स्त्र 5580 एवं स्क्कस्त्र 2034 मे हुई भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें जनसहयोग से नगर के स्वास्थ्य केन्द्र लाया ,जिसमें से नगर के जवाहर वार्ड निवासी नैनैश्वर पिता शंकर घोड़े 45 के सर पर गंभीर चोट लगी होने से बहुत अधिक खून बहने से इस युवक की गंभीर हालत होने पर प्राथमिक उपचार के बाद इसे नागपुर रेफर किया गया, जिसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही हैं । वहीं दूसरे घायल युवक पवन पिता विनोद रबडे 22 वर्ष घायल हुआ है, जिसे नगर के शासकीय चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार किया जा रहा हैं । प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो नगर के मध्य से होकर गुजरने वाले इस प्रमुख नागपुर भोपाल मार्ग पर आदिवासी बालक छात्रावास से लेकर ड्रॉयटेक कंपनी तक के इस सड़क किनारे बडे बडे ट्रकों की लंबी -लंबी कतारें लगी रहने से आए दिन सड़क दुर्घटनाए हो रही हैं ,पूर्व में कई बार जागरूक नगरवासियों द्वारा सड़क किनारे इन ट्रकों को यहां से हटाने की मांग की लेकिन इसके बावजूद प्रशासन द्वारा सड़क किनारे 24 घण्टे खड़े रहने वाले इन ट्रकों को नहीं हटाने से लोगो में बहुत अधिक आक्रोश व्याप्त हैं ।

संवाद के माध्यम से जाना जल का महत्व और ली शपथ

छिंदवाड़ा। जल के महत्व को जन जन तक पहुचाने हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड भोपाल के सहयोग से कुकड़ा ग्राम उत्थान समिति के द्वारा लाईफ स्टाईल फार इनवायरमेंट की विषय वस्तु पर जल संवाद को लेकर छिंदवाड़ा विकास खंड के ग्राम थावरी टेका के पंचायत भवन मे जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

निधन

विठ्ठल राव डाहके 62 वर्ष निवासी अंबाडी तहसील सौसर इनका बीती रात दु:खद निधन हुआ। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। अंत्येष्टि आज बुधवार को दोपहर 1 बजे ग्रह ग्राम अंबाड़ी में सम्पन्न होगी।

सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सृजन कार्यक्रम का शुभारंभ

नव भारत न्यूज

पांढुरना,7 जनवरी, सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने और किशोर-किशोरियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शक्ति से सुरक्षा की ओर थीम पर आधारित इस विशेष अभियान का संचालन पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश जी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी जी के मार्गदर्शन में पांढुर्णा में शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन में पांढुर्णा पुलिस एवं ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान संयुक्त रूप से अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ पांढुर्णा थाना परिसर में किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी, थाना प्रभारी अजय मरकाम,ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक विजय धवले , पुलिस निरीक्षक श्रीमती संध्या रानी सक्सेना, रक्षित निरीक्षक श्रीमती अनिता शिवड़े,सहायक उप निरीक्षक आरिफ खान ,प्रधान आरक्षक नितेश रघुवंशी एवं शास्त्री वार्ड के बच्चे उपस्थित थे।कार्यक्रम में बोलते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी ने कहा कि इस 15 दिवसीय अभियान के माध्यम से बच्चों में क्षमता निर्माण किया जाएगा। इसके तहत किशोर-किशोरियों को शिक्षा, आत्मरक्षा,कंप्यूटर ज्ञान और उनके व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान निबंध लेखन और भाषण, वाद-विवाद ,चित्रकला ,खेलकूद एवं दौड़ गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें कौशल से परिपूर्ण करना है। कार्यक्रम में बोलते हुए ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक धवले ने कहा सृजन कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य पुलिस और जनता के बीच आपसी समन्वय को बढ़ाना, किशोर और किशोरियों को सकारात्मक दिशा देना और सामाजिक विकास के कार्यों में पुलिस की भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह कार्यक्रम न केवल आत्मरक्षा और लैंगिक समानता का पाठ पढ़ाएगा, बल्कि नेतृत्व क्षमता विकसित कर समुदाय को आगे बढ़ाने का काम करेगा।

जिला आयुष अधिकारी यवतकर नें किया सौंसर अस्पताल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज़

सौंसर 7 जनवरी .जिला आयुष अधिकारी अधिकारी डॉक्टर प्रमिला यवतकर द्वारा आज शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय जाम एवं शासकीय होम्योपैथी ओषालय सौसर हेतु जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर शासकीय दस्तावेज में चढ़ाने बाबत समस्त दस्तावेज तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर जमीन का निरीक्षण किया गया साथ ही शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय सौसर होम्योपैथी औषधालय रीधोरा का शासकीय औषधालय का निरीक्षण किया गया एवं आयुष औषधीय के प्रचार प्रसार एवं सर्वे पर निर्देश दिए गए जिनके साथ विकास विकास श्रीवास्तव एवं सेवानिवृत्ति सुरेश चौरे उपस्थित रहे।

होम्योपैथी औषधालय के लिये की जमीन चयन

शिविर में स्वयंसेवक श्रमदान के साथ चलाएंगे जन जागरूकता अभियान

नव भारत न्यूज

रामाकोना, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामाकोना की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को ग्राम बग्गु बिछुआ के आंगनवाड़ी भवन में हुआ। मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवा थीम पर आधारित शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती एवं रासेयों प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती नलिनी रुंघे ,सरपंच प्रदीप पातुरकर, पंच माया बाई पातुरकर, तर्कशील विचार समिति से पीकेएस गुर्वे एवं दिनकर पातुरकर , माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पुरुषोत्तम भक्ते, प्राशा शाला के प्रधान पाठक श्री कोचे सहित प्राथमिक एवं माध्यमिकशाला का समस्त शालेय स्टाफ उपस्थित था । अतिथियों ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों से एनएसएस के माध्यम से समाज सेवा के साथ व्यक्तित्व विकास करने की बात कही, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य एच जी बल्की ने करते हुए स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए शिविर के माध्यम से समाज सेवा के साथ देशसेवा की बात कही।

शिविर के प्रथम दिवस पर स्वयं सेवकों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई की एवं उद्घाटन सत्र की तैयारी में भाग लिया। उद्घाटन सत्र के अंत में अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्वज का आरोहण कर शिविर शुभारंभ की घोषणा की। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रकान्त नाचनकर ने बताया कि शिविर के इन सात दिनों में स्वयंसेवक सेविकाएं श्रमदान, जनजागृति ,अंधविश्वास निर्मूलन, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण, पौधरोपण, ग्राम सर्वे सहित स्वच्छता अभियान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेंगे.

रासेयो इकाई रामाकोना का विशेष शिविर प्रारंभ, रासेयो ध्वजारोहण के साथ विशेष शिविर प्रारंभ

जिला खनिज प्रतिष्ठान की कार्यपालिका बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न

नव भारत न्यूज

पांढुरना,7 जनवरी, जिला खनिज प्रतिष्ठान की कार्यपालिका की बैठक का आयोजन पांढुर्णा कलेक्टर सभाकक्ष में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने की।

बैठक के दौरान जिला खनिज अधिकारी ने मध्य प्रदेश खनिज प्रतिष्ठान से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी और परिचय प्रस्तुत किया। इसके साथ ही प्रतिष्ठान में उपलब्ध जमा राशि का विवरण भी कलेक्टर श्री वशिष्ठ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बैठक में कलेक्टर श्री वशिष्ठ ने प्रतिष्ठान के कार्यों और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश प्रदान किए और विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर सुश्री मेघा शर्मा, जिला खनिज अधिकारी महेश नगपुरे और अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलश पूजन एवं कलश वितरण कार्यक्रम के साथ बैठक सम्पन्न

नवभारत न्यूज़

सौसर 7 जनवरी. सौसर खंड के विभिन्न मंडलों एवं बस्तियों में हिंदू सम्मेलन के निमित्त आज कलश वितरण एवं बैठक का आयोजन हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति सौसर द्वारा किया गया।

छिंदवाड़ा जिले सहित सौसर खंड के समस्त मंडलों में जनवरी माह में होने वाले आगामी हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। सनातन धर्म, सांस्कृतिक चेतना और हिंदू समाज की एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन की शुरुआत आज कलश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति सौसर के अनुसार कलश पूजन एवं वितरण कार्यक्रम आज अन्नाभाऊ साठे भवन सौसर में आयोजित किया गया। हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के माध्यम से वृहद हिंदू सम्मेलन 15 जनवरी से 30 जनवरी के मध्य , खंड मंडल, सहित नगर की बस्तियों में आयोजित किए जाएंगे ।

इस अवसर पर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के सभी सदस्यों के साथ जिले एवं नगर के आम नागरिक,संस्थाओं, समितियों के लोगो ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया , इसी प्रकार आगे होने वाले हिंदू सम्मेलनों के आयोजन भी सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी से अनुरोध किया गया । कलश पूजन के पश्चात खंड के प्रत्येक मंडल जिसमें के बेरडी,रामाकोना, बोरगांव,पंद्रहखेड़ी, रंगारी ,पीपल, लोधीखेड़ा, सौसर, मोहगांव, पारडसिंगा, गांगतवाड़ा के कार्यकर्ताओं को कलश वितरित किए गए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती से हुआ ।

हनुमान लोक परियोजना के प्रथम चरण एवं अनेक विकास कार्य के लोकार्पण भूमिपूजन के लिए मुख्यमंत्री से भेंट कर दिया आमंत्रण

नवभारत न्यूज

सौंसर 7 जनवरी. पांढुर्णा जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से कल वल्लभ भवन भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट की। ऊर्जा मंत्री एवं जिला के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ के नेतृत्व में हुई इस भेंट के दौरान जिले की महत्वपूर्ण बुनियादी और आध्यात्मिक परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री जी को जाम सांवली स्थित चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान में निर्माणाधीन हनुमान लोक परियोजना के प्रथम चरण के पूर्ण होने की जानकारी दी। मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया कि वे शीघ्र पांढुर्णा पधारकर हनुमान लोक के प्रथम चरण का लोकार्पण करें। साथ ही, जिले में पूर्ण हो चुके विभिन्न अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं नवीन परियोजनाओं के भूमिपूजन हेतु समय प्रदान करने की मांग रखी गई।

बैठक के दौरान पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के आर्थिक उत्थान पर केंद्रित विषयों को प्रमुखता से उठाया गया। जिला अध्यक्ष श्री मोहोड़ एवं प्रतिनिधिमंडल ने पांढुर्णा में औद्योगिक विकास हेतु भूमि आवंटन की प्रक्रिया को गति देने की मांग की, ताकि क्षेत्र में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ सकें। इसके अतिरिक्त, जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने हेतु 200 बेड के जिला अस्पताल के निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन के विषय पर भी चर्चा की गई और इसे जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय धवले एवं चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जाम सांवली के अध्यक्ष गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांढुर्णा के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार जिले के बुनियादी ढांचे और आध्यात्मिक पर्यटन के विकास के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे जल्द ही पांढुर्णा का प्रवास करेंगे और हनुमान लोक सहित अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन संपन्न करेंगे। मुख्यमंत्री जी के इस सकारात्मक रुख पर प्रभारी मंत्री श प्रद्युम्न सिंह तोमर और जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने हर्ष व्यक्त करते हुए आभार जताया।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. एच .जी .एस . पक्षवार द्वारा किया औचक निरीक्षण

नव भारत न्यूज

पांढुरना,7 जनवरी, उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, छिंदवाड़ा डॉ. एच.जी.एस. पक्षवार द्वारा आज 7 जनवरी को पांढुरना पशु चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम पशु चिकित्सालय पांढुर्णा का निरीक्षण किया गया, जहाँ सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के समय डॉ. पक्षवार द्वारा समस्त अधिकारियों को शासन की योजनाओं, क्षीरधारा ग्राम अंतर्गत चयनित ग्रामों एवं कार्ययोजना की जानकारी दी गई। साथ ही कृत्रिम गर्भाधान कार्य, उपचार, दवा वितरण, बधियाकरण, टीकाकरण कार्य एवं पशुपालन केसीसी की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात उपसंचालक डॉ. पक्षवार द्वारा पशु चिकित्सालय सिराठा पहुंचे यहां भी सभी कर्मचारी उपस्थित पाए गए तथा उपस्थिति पंजी एवं तरल नाइट्रोजन पंजी पूर्ण पाए गए। पशु चिकित्सालय सिराठा में कृत्रिम गर्भाधान एनएआईपी अंतर्गत 597 लक्ष्य के विरुद्ध 414 उपलब्धि पाई गई। वहीं ओपीडी रजिस्टर में कुल 694 वार्षिक एवं 30 मासिक प्रविष्टियाँ दर्ज पाई गईं। वत्सोत्पादन पंजी में वार्षिक 114 एवं मासिक 10 प्रविष्टियाँ दर्ज होना पाया गया।